# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जमवारामगढ़, जिला जयपुर, राजस्थान
## पीठासीन अधिकारी : श्री ललित मीना RAS

| मिसल नं. | तारीख दायर | तारीख फैसला |
|---|---|---|
| 157/2023 | 20/09/2023 | 12/08/2025 |

1. गंगाराम पुत्र रामधन
2. जगदीश प्रसाद पुत्र पांचूराम
3. छोटी देवी पत्नी प्रकाश
4. मंगली देवी पत्नी अर्जुनलाल
   समस्त जाति गुर्जर निवासी स्यारी तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान हाल निवासी ग्राम धौला तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर राजस्थान।

प्रार्थीगण

बनाम

1. उगन्ती देवी पत्नी कन्हैयालाल
2. ममता देवी पत्नी पप्पू
3. लक्ष्मा देवी पत्नी रामस्वरूप
4. सूजी देवी पत्नी भगवान सहाय
   समस्त जाति रैगर निवासी ग्राम खेरवाडी तहसील आमेर जिला जयपुर।
5. राजू पुत्र नाथूराम जाति बलाई निवासी ग्राम लबाना तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान।
6. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार जमवारामगढ, तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर।

अप्रार्थीगण

उपस्थित अभिभावक
श्री सत्यपाल गुर्जर :- वकील प्रार्थीगण।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 राज0 भू राजस्व अधिनियम

-: निर्णय :-

प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि वाके प्रार्थी सं0 1 व 2 की सामलाती खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 230/220 रकबा 0.9168है0 व प्रार्थी सं0 3 व 4 की सामलाती भूमि खसरा नम्बर 229/220 रकबा 0.9167है0 स्थित है जो ग्राम धौला पटवार हल्का धौला तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर राजस्थान में स्थित है। जिस पर प्रार्थीगण काबिज काश्त चले आ रहे है। उपरोक्त भूमि के पूर्व खसरा नम्बर 220/257 रकबा 1.8335है0 रहे है तथा विभाजन के बाद उक्त भूमि के खसरा नम्बर 230/220, 229/220 बने है तथा उक्त भूमि फूड प्रोसेसिंग यूनिट में परिवर्तन होने के पश्चात प्रार्थीगण ने मूल खातेदारों से कय की है तथा उक्त भूमियों पर पूर्व नक्शें अनुसार ही पूर्व खातेदारों के कब्जे काश्त अनुसार ही प्रार्थीगण मौके पर काबिज काश्त चले आ रहे है तथा उक्त भूमि पूर्व नक्शें में तरमीम शुदा अंकित रही है लेकिन हाल किये गये सेकरीकेशन कार्यवाही मे राजस्व कर्मचारियों नें अप्रार्थीगणों से मिलीभगत करते हुये अप्रार्थी सं0 1 ता 4 की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 220/265 रकबा 1.2645है0 जो पूर्व नक्शें में दूसरी जगह तरमीम शुदा स्थित थी को प्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 230/220 व 229/220 के दक्षिणी हिस्से को कम करते हुये उनके स्थान पर पूर्व नक्शा कायम कर दिया गया जबकि पूर्व नक्शें में खसरा नम्बर 220/265 अन्यत्र जगह स्थित थी तथा खसरा नम्बर 220/250 को राजस्व नक्शें बढाते हुये खसरा नम्बर 230/220 के स्थान पर बढाकर नवीन राजस्व नक्शा कायम कर दिया गया जिससे प्रार्थीगण की भूमि वर्तमान राजस्व नक्शें में कम हो गई तथा राजस्व कर्मचारियों द्वारा मिलीभगत से की गई उक्त त्रुटि से प्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 230/220 व 229/220 का रकबा नक्शें में कम हो गया। प्रार्थीगण की भूमि के स्थान पर अप्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 220/265 व 220/250 की भूमि को राजस्व नक्शें में प्रार्थीगण की भूमि के स्थान पर नक्शा कायम करने का कोई अधिकार राजस्व कर्मचारियों को नही है। जबकि प्रार्थीगण की भूमि के पूर्व खसरा नम्बर 220/257 की उत्तर

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़

से दक्षिण की लम्बाई लगवा खसरा नम्बर 220/261 व 220/251 जितनी ही पूर्व नक्शें में अंकित रही है और उसी अनुसार प्रार्थीगण मौके पर काबिज काश्त है तथा अप्रार्थी सं0 1 ता 4 की भूमि खसरा नम्बर 220/265 जो कि जिस स्थान पर पूर्व नक्शें में अंकित थी उसी स्थान पर अप्रार्थी सं0 1 ता 4 भी काबिज काश्त है। राजस्व कर्मचारियों द्वारा मिलीभगत कर प्रार्थीगण की नक्शें में की गई त्रुटि को दुरूस्त करवाने हेतु उक्त प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है। अतः उक्त वादांकित प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 230/220, 229/220 के वर्तमान राजस्व नक्शें को दुरूस्त कर उपरोक्त भूमि के पूर्व खसरा नम्बर 220/257 के सेकरीकेशन से पूर्व राजस्व नक्शें व पूर्व से चले आ रहे कब्जे काश्त के अनुसार दुरूस्त करने के आदेश प्रदान करें।

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगणों को तलबी रजि0 ए0डी0 से करवाई गई। अप्रार्थी सं0 1 ता 4 ने दिनांक 6.2.24 को उपस्थित होकर जवाब पेश किया जो शामिल मिसल है। अप्रार्थी सं0 5 बावूजद सूचना के अनुपस्थित। इनको बार-बार आवाज लगवाई गई तथा इन्तजार किया गया। लेकिन उपस्थित नही। अतः अप्रार्थी सं0 5 के विरूद्व एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।

अप्रार्थी सं0 1 ता 4 ने अपने जवाब मे निवेदन किया कि पूर्व खसरा नम्बर 220/257 रकबा 1.8335है0 के विभाजन के बाद खसरा नम्बर 230/220 व 229/220 बने है व मिन उत्तरदाता की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 220/265 रकबा 1.2645है0 जो पूर्व नक्शें मे दूसरी जगह तरमीम शुदा स्थित थी को प्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 230/220 व 229/220 के दक्षिणी हिस्से को कम करते हुये उसके स्थान पर पूर्व नक्शा खसरा नम्बर 220/257 के विपरित जाते हुये राजस्व कर्मचारियों द्वारा गलत रूप से नक्शा कायम कर दिया गया जबकि मिनउत्तर की भूमि खसरा नम्बर 220/265 वर्तमान राजस्व नक्शे के स्थान पर ना होकर दुसरी जगह नक्शे में स्थित थी और उसी अनुसार मौके पर मिन उत्तरदाता काबिज काश्त चले आ रहे है। यदि उक्त त्रुटि को दुरूस्त किया जाता है तो हमे कोई आपत्ति नही हैं। अप्रार्थीगणों की भूमि खसरा नम्बर 220/265 जो कि पूर्व नक्शे मे जहा स्थित थी नक्शा दुरूस्त किया जाकर उक्त भूमि को पूर्व नक्शें अनुसार ही वर्तमान नक्शें मे तरमीम कियां जावे व प्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 230/220, 229/220 को पूर्व खसरा नम्बर 220/257 के राजस्व नक्शें अनुसार वंर्तमान राजस्व नक्शें को दुरूस्त किया जावें। अतः प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 230/220 व 229/220 के वर्तमान राजस्व नक्शें को दुरूस्त कर उपरोक्त भूमि के पूर्व खसरा नम्बर 220/257 के पूर्व राजस्व नक्शें के अनुसार दुरूस्त कर दिया जावें साथ ही अप्रार्थीगण की भूमि 220/265 को वर्तमान राजस्व नक्शे को हटाया जाकर पूर्व राजस्व नक्शें अनुसार जहौ पर मौके पर अप्रार्थीगण मौके पर काबिज काश्त है अनुसार दुरूस्त कर दिया जावें।

अप्रार्थी सं0 6 (पैरोकार सरकार) ने अपने पत्रांक/एलआर/25/5988 दिनांक 19.05.25 द्वारा जवाब/रिपोर्ट पेश की। जिसे शामिल मिसल किया गया। अप्रार्थी सं0 1 (पैरोकार सरकार) ने जवाब मे निवेदन किया कि ग्राम धौला के खसरा नम्बर 229/220 रकबा 0.9167है0 किस्म फूड प्रोसेसिंग यूनिट यूनिट प्रार्थी सं0 3 व 4 की संयुक्त खातेदारी व खसरा नम्बर 290/220 रकबा 0.9168है0 किस्म फुड प्रोसेसिंग यूनिट प्रार्थी सं0 1 व 2 की संयुक्त खातेदारी भूमि दर्ज है। ग्राम धौला के नामा0 सं0 1196 दिनांक 20.12.2021 (विभाजन) द्वारा खसरा नम्बर 220/257 रकबा 1.835है0 किस्म बारानी 3 के विभाजन पश्चात खसरा नम्बर 229/220 रकबा 0.9167है0 किस्म बारानी 1 मामराज हरिजन पुत्र भंवर हरिजन हि0 पूर्ण जाति भंगी नि0 वार्ड नं0 10 हरिजन मोहल्ला ग्राम अचरोल व खसरा नम्बर 230/220 रकबा 0.9168है0 किस्म बारानी 1 मोहनलाल पुत्र कालूराम हि0 पूर्ण जाति बलाई सा0बहलोड खातेदार का अंकन स्वीकार हुआ। नामा0 सं0 119 दिनांक 25.01.22 रूपान्तकरण द्वारा खसरा नम्बर 229/220 रकबा 0.9167है0 किस्म फुड प्रोसेसिंग यूनिट स्वीकार हुआ व नामा0 सं0 1200 दिनांक 12.1.22 द्वारा खसरा नम्बर 230/220 रकबा 0.1968है0 किस्म फूड प्रोसेसिंग यूनिट का अकन स्वीकार हुआ। तत्पश्चात नामा0 सं0 1213 दिनांक 24.03.22 (उपहार) द्वारा खसरा नम्बर 229/220 में छोटी देवी पत्नि प्रकाश हि0 1/2, मंगली देवी पत्नी अर्जुन लाल हि0 1/2 जाति गुर्जर नि0 ढाणी पोसवालों की ग्राम अर्जुनपुरा नामा0 सं0 1214 दिनांक 24.03.22 (उपहार) द्वारा खसरा नम्बर 230/220 में गंगाराम पुत्र रामधन हि0 1/2 जगदीश प्रसाद पुत्र पांचु राम हि0 1/2 जाति गुर्जर निवासी वार्ड नं0 11 नया डहर की ढाणी ग्राम स्यारी तह0 आमेर का अंकन स्वीकार हुआ। ग्राम धौला के संवत 2020 के राजस्व नक्शें को सेग्रीगेशन पश्चात पॉलिस्टर शीट में उक्त खसरा नम्बर 229/220, 230/220, (सम्मिलित खसरा नम्बर 220/257), 220/266

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़

220/262, 220/265 तरमीम शुदा है। सेग्रीगेशन से पूर्व नक्शा लटडा कपडे के नक्शा शीट मे उक्त खसरा नम्बर 220/257, 220/261, 220/262, 220/254, 220/251 की तरमीम स्पष्ट नही है। प्रार्थी द्वारा उक्त खसरा नम्बर 220/257, 220/261, 220/251, 220/262, 220/254, 220/255, 220/253, 220/252, 220/258, 220/256 का तरमीम शुद्वा पटवारी द्वारा प्रमाणित दिनांक 24.12.98 नक्शा ट्रेस प्रस्तुत की। जो कि वर्तमान नक्शा मे तरमीम शुद्वा खसरा नम्बरान की तरमीम से भिन्न है। हाल सेग्रीग्रेशन के नक्शे से पूर्व कपडे के शीट मे खसरा नम्बर 220/257, 220/261, 220/262, 220/265, 220/251 की तरमीम शुद्वा है। जो कि स्पष्ट नही है। वर्तमान ऑन लाईन सेग्रीगेशन नक्शा मे उक्त खसरा नम्बरान तरमीम शुदा है जो कि मौके से भिन्न है। मौके पर खसरा नम्बर 220/265 वर्तमान नक्शें मे तरमीम शुदा नक्शें पर काबिज न होकर अन्यत्र काबिज है। जहॉं अन्य खसरा नम्बरान तरमीम शुदा है वर्तमान नक्शें मे खसरा नम्बर 220/257 की तरमीम भी राजस्व रिकार्ड मे दर्ज रकबे से कम रकबा बरारी में की गई है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पटवारी द्वारा प्रमाणित नक्शा ट्रेस से भिन्न है। मूल खसरा नम्बर 220 मे की गई लाल स्याही से तरमीम मौके भिन्न है । अतः मूल खसरा नम्बर 220 मे की गई समस्त तरमीमों का मौका मिलान करते हुये सर्वे करने के पश्चात ही तरमीम दुरूस्ती प्रस्तावित की जा सकती है।

बहस वकील प्रार्थी एवं पैरोकार सरकार सुनी गई। पत्रावली में उपलब्ध प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं पैरोकार सरकार के जबाब का अवलोकन करने तथा बहस का मनन करने पर प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना उचित समझते है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम को स्वीकार किया जाकर तहसीलदार जमवारामगढ को आदेशित किया जाता हैं कि ग्राम धौला, पटवार हल्का धौला, तहसील जमवारामगढ में स्थित उक्त वादांकित भूमि के वर्तमान खसरा नम्बर 230/220 रकबा 0.9168 व खसरा नम्बर 229/220 रकबा 0.9167है0 के हाल नक्शा तरमीम को पूर्व खसरा नम्बर 220/257 के सेग्रीगेशन के पूर्व नक्शे अनुसार रकबा बरारी करते हुए तरमीम दुरूस्त कर नवीन नक्शा कायम किया जावें।

निर्णय मेरे द्वारा टंकित करवाया जाकर आज दिनांक 12.08.2025 को खुले न्यायालय मे सुनाया।

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़
उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़

Scanned with OKEN Scanner